## बीमा कंपनी की अपील निरस्त

# अदालत ने 13.91 लाख का मुआवजा बरकरार रखा

**जबलपुर**। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने वर्ष 2015 की सड़क दुर्घटना में मृत ट्रक चालक के आश्रितों को दिए गए 13 लाख 91 हजार 100 रुपये के मुआवजे को बरकरार रखते हुए बीमा कंपनी की अपील निरस्त कर दी। पीठासीन अधिकारी यशवंत मालवीय की अदालत ने माना कि मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण (एमएसीटी) द्वारा साक्ष्यों के आधार पर निर्धारित प्रतिकर में हस्तक्षेप का कोई आधार नहीं बनता। मामले में मृतक की पत्नी सहित आश्रितों ने मुआवजे का दावा



किया था। अधिकरण ने आय, भविष्य की संभावनाओं तथा अन्य वैधानिक मदों को ध्यान में रखते हुए 13.91 लाख रुपये का प्रतिकर सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित देने का आदेश दिया था। सुनवाई के दौरान मृतक पक्ष की ओर से अधिवक्ता उदय साहू व लक्ष्मी गोल्हानी ने पैरवी की। न्यायालय ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद पाया कि दुर्घटना, लापरवाही और मुआवजे के संबंध में अधिकरण के निष्कर्ष अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्यों के अनुरूप हैं। परिणामस्वरूप बीमा कंपनी की अपील निरस्त कर दी गई और अधिकरण का अवार्ड यथावत रखा गया।

### संपत्ति विवाद में कोर्ट ने माना आदेश का उल्लंघन, तीसरे पक्ष को कर दी थी बिक्री

## अदालत के स्टे आर्डर की अवमानना पर 15 दिन की जेल

**जबलपुर**। अपर जिला न्यायाधीश चंद्र किशोर बारपेटे की अदालत के स्थगन आदेश की अवमानना करने के मामले में शहर के सुरेश मक्कड़ को 15 दिन के सिविल कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला सालीवाड़ा स्थित जसरोटिया परिवार की संपत्ति के बंटवारे, घोषणा और स्थायी निषेधाज्ञा से जुड़ा है।

विजय भाटिया सहित अन्य ने गीता जसरोटिया सहित अन्य के विरुद्ध दावा प्रस्तुत कर कहा था कि स्व. सावित्री देवी की संपत्ति में स्वर्गीय रीता जसरोटिया के हिस्से पर उनके सभी भाई-बहनों का समान अधिकार है। आरोप है कि गीता जसरोटिया ने बंटवारा हुए बिना संपत्ति के बड़े हिस्से को अपनी बताकर विभिन्न लोगों को बेच दिया। प्रकरण में न्यायालय ने दाक नवंबर, 2022 को आदेश 39 नियम वन व टू सीपीसी के तहत अंतरिम आदेश पारित कर सभी पक्षकारों को विवादित संपत्ति का कोई भी हिस्सा तीसरे पक्ष को हस्तांतरित करने से रोक दिया था। इसके बावजूद सुरेश मक्कड़ ने, जिन्हें स्थगन आदेश की जानकारी थी, छह अगस्त 2022 को खरीदे गए हिस्से को 30 मार्च, 2024 को पवन सोनी व सुधा सोनी के पक्ष में विक्रय कर दिया। न्यायालय ने इसे स्थगन आदेश का उल्लंघन मानते हुए मक्कड़ को 15 दिन के सिविल कारावास से दंडित किया। वादी पक्ष की ओर से अधिवक्ता दीपक पंजवानी व नेहा भाटिया ने पैरवी की।

## पीठ पर कुल्हाड़ी मारने वाले को तीन वर्ष का कारावास

**जबलपुर**। अपर सत्र न्यायाधीश स्वयं प्रकाश दुबे की अदालत ने कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर चोट पहुंचाने के मामले में आरोपी डोमन दाहिया (65), निवासी ग्राम भौरदा, थाना पाटन को दोषी ठहराया। कोर्ट ने उसे तीन वर्ष के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई । आरोपी को भारतीय न्याय संहिता लागू होने से पूर्व की घटना के कारण तत्कालीन भारतीय दंड संहिता की धारा 326 के तहत दंडित किया गया। अभियोजन के अनुसार एक जुलाई, 2020 की शाम बच्चों के खेलने को लेकर हुए विवाद के दौरान आरोपी डोमन दाहिया कुल्हाड़ी लेकर पहुंचा और पूरन दाहिया की पीठ पर पीछे से वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल पूरन को पहले पाटन अस्पताल और बाद में मेडिकल कालेज, जबलपुर रेफर किया गया। चिकित्सकीय परीक्षण में गंभीर चोट की पुष्टि होने पर मामले में धारा 326 जोड़ी गई। विशेष लोक अभियोजक संदीप जैन ने 11 गवाहों के बयान कराए। अभियोजन के साक्ष्यों और तर्कों से सहमत होते हुए न्यायालय ने आरोपी को दोषसिद्ध कर सजा सुनाई।

### 24 घंटे के भीतर आरोपी दबोचे गए

## ओवरनाइट ट्रेन छूटते ही झपटा मंगलसूत्र!

**जबलपुर**। ओवरनाइट ट्रेन में महिला यात्री के गले से मंगलसूत्र झपटकर फरार हुए बदमाश को जीआरपी जबलपुर ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया। रेलवे स्टेशन से ट्रेन छूटते ही हुई इस सनसनीखेज वारदात का पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर तंत्र की मदद से खुलासा करते हुए आरोपी के कब्जे से 35 हजार 500 रुपये कीमत का लूटा गया सोने का माल बरामद कर लिया।



पुलिस के अनुसार महिला यात्री जबलपुर से भोपाल जाने के लिए ओवरनाइट ट्रेन में सवार हुई थी। ट्रेन के स्टेशन से रवाना होते ही एक युवक अचानक उसके पास पहुंचा और गले से सोने का मंगलसूत्र झपटकर फरार हो गया। घटना के बाद जीआरपी थाना जबलपुर में मामला दर्ज कर तत्काल जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक रेल सुंदर सिंह कनेश के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल भावना मरावी एवं पुलिस उप अधीक्षक रेल अंकिता सुल्या के मार्गदर्शन में जीआरपी थाना प्रभारी संजीवनी राजपूत के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने रेलवे स्टेशन और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की बारीकी से पड़ताल की, साथ ही मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने मक्का नगर हनुमानताल निवासी 21 वर्षीय सोहित अंसारी को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

पूछताछ में आरोपी ने झपटमारी की वारदात स्वीकार कर ली। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने एक सोने का पेंडल एवं चार सोने की गुरिया, कुल 35 हजार 500 रुपये कीमत का लूटा गया माल बरामद कर लिया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।

## अग्निवीर भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित

**जबलपुर**। आर्मी भर्ती कार्यालय, जबलपुर के अंतर्गत आने वाले मध्य प्रदेश के 15 जिलों के अभ्यर्थियों के लिए आयोजित अग्निवीर (पुरुष एवं महिला) कॉमन एंट्रेंस एग्जाम का रिजल्ट 12 जुलाई 2026 को जारी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि इस परीक्षा का आयोजन 01 से 12 जून 2026 तक किया गया था। इसमें जबलपुर, बालाघाट, डिंडोरी, सिवनी, कटनी, मंडला, मऊगंज, मैहर, रीवा, सतना, शहडोल, अनूपपुर, सीधी, सिंगरौली और उमरिया के अभ्यर्थियों ने भाग लिया था। भर्ती कार्यालय जबलपुर ने कहा कि परीक्षा में शामिल हुए सभी अभ्यर्थी सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम डाउनलोड कर सकते हैं। इसके साथ ही सेना मुख्यालय द्वारा अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे अपने रजिस्टर्ड ईमेल आईडी को नियमित रूप से चेक करते रहें, ताकि भर्ती से जुड़ी जरूरी सूचनाएं समय पर मिल सकें। भर्ती कार्यालय जबलपुर के अंतर्गत नामांकित सफल अभ्यार्थी नवंबर 2026 में संभावित रूप से आयोजित होने वाली भर्ती रैली में भाग लेंगे। सफल अभ्यार्थी को रैली के प्रवेश पत्र अक्टूबर 2026 के अंत में जारी किए जाएंगे। किसी भी स्पष्टीकरण के लिए अभ्यार्थी भर्ती कार्यालय (मुख्यालय), जबलपुर से दूरभाष नंबर 07247028996, 0761-2607637 पर संपर्क कर सकते हैं।

### अगस्त की शुरुआत से सप्ताह में 3 दिन मिलेगी एयर कनेक्टिविटी

## अब कोलकाता के लिए होगी सीधी उड़ान

महाकौशल की हवाई कनेक्टिविटी को बड़ी मजबूती मिलने जा रही है। लंबे समय से प्रतीक्षित जबलपुर-कोलकाता सीधी हवाई सेवा अब शुरू होने जा रही है।



**जबलपुर**। सांसद आशीष दुबे के लगातार प्रयासों के बाद एलायंस एयर ने इस रूट पर उड़ान संचालित करने का निर्णय लिया है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार जुलाई के अंतिम सप्ताह अथवा अगस्त की शुरुआत से सप्ताह में तीन दिन यह सेवा उपलब्ध होगी। सांसद आशीष दुबे ने बताया कि एलायंस एयर प्रबंधन ने उन्हें प्रस्तावित उड़ान का शेड्यूल भेज दिया है। इसके अनुसार मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को एटीआर-72 विमान सुबह 7:05 बजे कोलकाता से उड़ान भरकर 9:35 बजे जबलपुर पहुंचेगा। इसके बाद 10:00 बजे जबलपुर से रवाना होकर दोपहर 12:35 बजे कोलकाता पहुंचेगा।

अब तक जबलपुर से कोलकाता जाने वाले यात्रियों को दूसरे शहरों में विमान बदलना पड़ता था, जिससे यात्रा लंबी और महंगी हो जाती थी। सीधी उड़ान शुरू होने से यात्रियों का समय बचेगा, यात्रा अधिक सुविधाजनक होगी और खर्च भी कम आएगा। यह मांग लंबे समय से शहर के बांग्लाभाषी समाज, उद्योगपतियों, व्यापारियों, विद्यार्थियों और मरीजों द्वारा की जा रही थी। सांसद आशीष दुबे ने नागरिक उड्डयन मंत्रालय और एलायंस एयर प्रबंधन के समक्ष लगातार इस रूट की पैरवी की, जिसके परिणामस्वरूप यह नई सेवा शुरू होने जा रही है। नई उड़ान से शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और पर्यटन क्षेत्र को भी गति मिलने की उम्मीद है। पूर्वी भारत से व्यापार करने वाले उद्यमियों, कोलकाता में अध्ययनरत विद्यार्थियों और इलाज के लिए यात्रा करने वाले मरीजों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। साथ ही जबलपुर के संगमरमर, कृषि उत्पाद और एमएसएमई उद्योगों को पूर्वी भारत के बाजारों तक बेहतर पहुंच मिलेगी।

डुमना एयरपोर्ट प्रबंधन ने नई उड़ान के संचालन की तैयारियां पूरी होने की जानकारी दी है। एलायंस एयर जल्द ही अपनी वेबसाइट और प्रमुख बुकिंग पोर्टलों पर टिकट बुकिंग शुरू करेगी। सांसद आशीष दुबे ने कहा कि यह सेवा जबलपुर को राष्ट्रीय हवाई नेटवर्क में और मजबूत बनाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि निकट भविष्य में जबलपुर से अन्य प्रमुख शहरों के लिए भी नई उड़ानें शुरू कराने के प्रयास सफल होंगे।

### साइबर ठगी के 2 मामलों में सवा लाख का लगाया चूना

## एक से ई-चालान और दूसरे से नौकरी के नाम पर ठगी

**जबलपुर**। गौरीघाट थाना क्षेत्र में बीते दिवस साइबर अपराधों के दो अलग अलग मामले सामने आए हैं। जिनमें से एक में ई-चालान का लिंक भेजा गया। इनमें से एक मामले में जहां ई चालान के नाम पर लिंक भेजकर खाते से पैसे उडा दिए गए तो दूसरे मामले में ठगों ने नौकरी का झांसा देकर लिंक पर टास्क दिए और खाते से पैसे उड़ा दिए गए।

वारदातों के संबंध में गौरीघाट थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुरानी पीपी कालोनी निवासी आशीष गोल्हानी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 7 जुलाई को उसके व्हाटसएप नम्बर पर अज्ञात नम्बर से ई-चालान की पीडीएफ फाईल आई, जिसे उसने क्लिक कर ओपन किया तो उसके मोबाइल पर एक एप्लीकेशन इंस्टाल हो गया। उसने एप्लीकेशन खोला, जिसमें कुछ जानकारी मांगी गई लेकिन उसने कोई जानकारी नहीं भरी और एप्लीकेशन से बाहर आ गया। फिर लगभग 10 मिनिट बाद उसके मोबाइल पर अपने आप ओटीपी आने लगी। उसने ओटीपी को किसी से भी शेयर नहीं किया फिर भी 10 मिनिट बाद उसके मोबाइल में बैंक खाते से 4 बार में कुल 1 लाख रूपये डेबिट होने के मैसेज आये। इस तरह किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसका मोबाइल हैक करके छलपूर्वक धोखाधड़ी कर उसके खाते से 1 लाख रूपये निकाल लिये।

इसी तरह गौरीघाट के ही पुरानी बस्ती निवासी सुमित पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 7 जुलाई को उसके मोबाइल के व्हाटसएप में किसी अज्ञात व्यक्ति का मिंट्री कम्पनी में जॉब लगवाने के लिये मैसेज व कॉल आया। जिसने टेलीग्राम पर बात करने कहा। इस पर उसने अपने टेलीग्राम अकाउण्ट से अज्ञात व्यक्ति द्वारा व्हाटसएप में दिये गये लिंक को ओपन किया और टेलीग्राम में बात होने लगी। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति ने उसे टेलीग्राम पर कुछ टिप्स दिये, जिन्हें उसने पूरा किया। इस बीच अज्ञात व्यक्ति ने उसके अकाउण्ट में 160 व 120 रूपये ट्रांसफर किये। इसी तरह टिप्स मिलते रहे और वह टिप्स पूरा करता गया। इसके बाद अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे धोखे में रखकर उससे 5 हजार 600 रूपये, 20 हजार रूपये छलपूर्वक यूपीआई के माध्यम से ट्रांसफर करा लिए। बाद में रूपये वापस मांगने पर उसने मना कर दिया। इस तरह अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसके साथ धोखाधड़ी कर कुल 25 हजार 600 रूपये ट्रांसफर करा लिये। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 318(4), 319(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## बाईक की टक्कर से होटल संचालक घायल

**जबलपुर**। ओमती थानांतर्गत कल शास्त्री ब्रिज पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए बाईक सवार होटल संचालक को टक्कर मार दी। घटना में होटल संचालक को गाड़ी से गिरने के कारण चोटें आई है। तभी होटल संचालक ने मोटरसाइकिल चालक से कहा कि कैसे गाड़ी चलाते हो इसी बात पर उसने विवाद कर होटल संचालक पर डंडे से हमला कर सिर में चोट पहुंचा दी। टक्कर मारने वाली मोटरसाइकिल में नंबर नही था। ओमती पुलिस ने बताया कि रामपुर निवासी मनस्वी बडगैया चंद्रिका टावर मे होटल मन्नत का संचालन करता है। कल वह होटल से मच्छर अगरबत्ती लेने छोटी लाइन फाटक जा रहा था तभी शास्त्री ब्रिज चढ़ते समय उसे पीछे आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल के चालक ने लापरवाही से चलाते हुए टक्कर मार दी । घटना में मनस्वी को हाथ पैरों में चोटे आई है।

### अतिरिक्त या नायब तहसीलदार एवं नगर निगम के फायर अधिकारी को भी शामिल किया

## विस्फोटक पदार्थों के निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय स्थलों की जांच के लिए दल गठित

**जबलपुर**। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी राघवेन्द्र सिंह ने जिले में बारहमासी फटाका संग्रहण, विक्रय एवं निर्माण स्थलों तथा विस्फोटक सामग्री के निर्माण, परिवहन, भंडारण एवं विक्रय से संबंधित लाइसेंसधारियों के प्रतिष्ठानों की सघन जांच के लिए पांच दलों का गठन किया गया है।

मध्यप्रदेश शासन के गृह विभाग के निर्देशों के अनुपालन में गठित पांचों जांच दलों की कमान संयुक्त कलेक्टर तथा नगर पुलिस अधीक्षक अथवा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी को सौंपी गई है। प्रत्येक दल में संबंधित क्षेत्र के अतिरिक्त या नायब तहसीलदार एवं नगर निगम के फायर अधिकारी को भी शामिल किया गया है।

आधारताल एवं रांझी अनुविभाग के विस्फोटक भंडारण केंद्रों की जांच की जिम्मेदारी संयुक्त कलेक्टर मानवेन्द्र सिंह तथा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी बरगी अंजुल अयंक के नेतृत्व में गठित दल को सौंपी गई है।

अनुविभाग जबलपुर के विस्फोटक भंडारण केंद्रों की जांच के लिये तीन दल गठित किये गये हैं। इनमें सयुंक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति परस्ते एवं नगर पुलिस अधीक्षक रीतेश कुमार शिव, सयुंक्त कलेक्टर सृष्टि प्रजापति एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी पाटन लोकेश डाबर तथा सयुंक्त कलेक्टर अनुराग सिंह एवं नगर पुलिस अधीक्षक गढ़ा आशीष जैन के नेतृत्व में गठित जाँच दल शामिल हैं। इन तीनों जांच दलों को नौ-नौ लायसेंसियों के विस्फोटक भंडारण केंद्रों की जांच का दायित्व सौंपा गया है। इसी प्रकार कुंडम, पाटन एवं सिहोरा अनुविभाग के विस्फोटक भंडारण केंद्रों की जांच सयुंक्त कलेक्टर पंकज मिश्रा एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती राजेश्वरी कौरव के नेतृत्व में गठित दल करेगा।

जांच के दौरान लाइसेंस की वैधता, भंडारण क्षमता, सुरक्षा मानकों का पालन, परिसर का भौतिक सत्यापन, स्टॉक रजिस्टर, फायर सेफ्टी प्रमाण पत्र तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की गहन जांच की जाएगी। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर उसका उल्लेख करते हुए विस्तृत प्रतिवेदन जिला प्रशासन को प्रस्तुत किया जाएगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान जिले में बारहमासी फटाकों और विस्फोटक पदार्थों के सुरक्षित निर्माण एवं भंडारण एवं उपयोग को सुनिश्चित करने तथा संभावित दुर्घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। सभी जांच दलों को निर्धारित समय-सीमा में जांच पूरी कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### अभद्रता की शिकायतों के बाद चला अभियान

## ट्रेनों में यात्रियों से जबरन वसूली करने वाले 4 किन्नर गिरफ्तार

**जबलपुर**। ट्रेनों में यात्रियों से जबरन पैसे वसूलने और विरोध करने पर अभद्र व्यवहार करने की लगातार मिल रही शिकायतों के बाद रेलवे सुरक्षा



बल (आरपीएफ) ने कार्रवाई करते हुए चार किन्नरों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों के खिलाफ रेलवे अधिनियम की धारा 145 और 147 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। आरपीएफ को लंबे समय से सूचना मिल रही थी कि कुछ किन्नर ट्रेनों में चढ़कर यात्रियों से जबरन रुपये मांगते हैं। पैसे देने से इनकार करने पर वे विवाद और हाथापाई जैसी स्थिति पैदा कर देते थे। शिकायतों के आधार पर रविवार को जबलपुर स्टेशन और ट्रेनों में विशेष जांच अभियान चलाया गया।

### प्लेटफॉर्म पर पकड़े गए, नकदी भी बरामद

पोस्ट प्रभारी राजीव खरब के निर्देशन में उप निरीक्षक प्रवीण कुमार, प्रधान आरक्षक प्रेम सिंह और आरक्षक हरिकेश दुबे की टीम ने प्लेटफॉर्म नंबर-6 के कटनी छोर पर चार किन्नरों को यात्रियों से पैसे मांगते हुए पकड़ा। पूछताछ में सभी ने ट्रेनों में रुपये मांगने की बात स्वीकार की। उनके पास से वसूली गई नकदी भी बरामद की गई।

### कटनी से विभिन्न ट्रेनों में करते थे सफर

पूछताछ में आरोपियों ने अपनी पहचान 22 वर्षीय लीजा, 23 वर्षीय नैन्सी , 27 वर्षीय तानिया और 26 वर्षीय रीना निवासी गायत्री नगर, कटनी के रूप में बताई। उन्होंने बताया कि वे अपने गुरु हेमा के साथ जुड़े हैं और रोजाना कटनी से जबलपुर, नरसिंहपुर तथा पिपरिया तक ट्रेनों में सफर कर यात्रियों से पैसे मांगते थे। आरपीएफ ने सभी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करते हुए कहा है कि यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

## बेकाबू कार ने मचाई तबाही, 6 लोग घायल, चालक गिरफ्तार

**जबलपुर**। अधारताल थाना क्षेत्र के जय प्रकाश नगर में सोमवार शाम एक बेकाबू कार ने सड़क किनारे लगी दुकानों में घुसकर जमकर तबाही मचा दी। हादसे में फल विक्रेता, चाय दुकान संचालक और मोबाइल दुकान पर मौजूद लोगों सहित 6 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज रफ्तार कार (क्रमांक MP 34 CA 0718) अचानक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे फल के ठेले, चाय की दुकान तथा मोबाइल दुकान को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दुकानों का सामान दूर-दूर तक बिखर गया और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। सूचना मिलते ही अधारताल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने कार चालक को मौके से गिरफ्तार कर लिया है। प्रारंभिक जांच में हादसे के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल सभी घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज कर दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच कर रही है।

### लिंक व मैसेज भेजकर खातों से लाखों उड़ाये

## गोरखपुर में साइबर ठगी के 3 मामले दर्ज

**जबलपुर**। गोरखपुर थानांतर्गत साइबर ठगी के तीन मामले दर्ज किये गये हैं। जिनमें अज्ञात जालसाजों ने लिंक व मैसेज भेजकर लोगों के खातों से लाखों रूपये साफ कर दिये। सेठीनगर में रील देखने जैसे ही एक व्यक्ति ने अपने मोबाइल फोन में कोई एप डाउनलोड किया उसके खाते से दो लाख 70 हजार रूपये निकल गये। इसी तरह एक वृद्ध के मोबाइल पर किसी व्हाट्स एप से लिंक भेजकर एक लाख 39 हजार रूपये साफ कर दिये। एक अन्य घटना में एक दंपत्ति को मैसेज भेजकर उनके साझा खाते से अज्ञात ने दो लाख 48 हजार रूपये निकाल लिये। एप डाउनलोड करते ही खाते से दो लाख 70 हजार साफ - गोरखपुर थानांतर्गत सेठीनगर निवासी मनोज नामदेव ने गत 8 जून को मोबाइल पर रील देखने के लिये टूबी एप डाउनलोड किया तो उसका मोबाइल फोन हेक हो गया। मनोज को शंका होने पर जब उसने गूगल पे से अपना बैलेंस चेक किया तो पता चला कि उसके सिविल लाइन स्थित आईसीआईसीआई बैंक खाते से 90 हजार रूपये व पीएनबी खाते से एक लाख 80 हजार रूपये कट गये । इस तरह किसी जालसाज ने उसके खातों से दो लाख 70 हजार रूपये साफ कर दिये। लिंक



क्लिक करते ही व्यापारी के खाते से एक लाख 39 हजार निकले- यादव कालोनी निवासी शैलेष जैन का बैंक आफ इंडिया में खाता है। वे गत 7 जुलाई को दोपहर 12 बजे अपनी दुकान में बैठे थे तभी उनके मोबाइल फोन पर किसी ने व्हाट्स एप मैसेज से लिंक भेजी । लिंक को क्लिक करते ही उसमें उनके आधार कार्ड व डेबिट कार्ड की जानकारी मांगी गई यह जानकारी फिल करते ही कुछ देर बाद व्यापारी के बैंक आफ इंडिया के खाते से तीन बार में एक लाख 39 हजार रूपये कट गये। दंपत्ति के साझा खाते से दो लाख 48 हजार निकाले- सेठीनगर निवासी श्रीमति आराधना सिंधिया शिक्षक है। उनका खाता इंडसइंड बैंक शास्त्री नगर शाखा में है। गत 12 जून को उनके मोबाइल पर इंडसइंड बैंक पेंशन कार्ड जैसा मैसेज आया था। वे मैसेज देखने लगी तभी अचानक उनका मोबाइल हेक हो गया और खाते से एक लाख 59 हजार रूपये कटने का मैसेज आया उनका व पति का खाता संयुक्त था। पति के खाते से भी साढ़े 88 हजार रूपये निकल गये थे। इस तरह किसी अज्ञात ने उन्हे दो लाख 48 हजार रूपये की चपत लगा दी थी ।

# डिवाइडर से टकरा कर पलटा सीमेंट से भरा ट्रक

## चालक-क्लीनर ने कूदकर बचाई जान, लगा जाम



**जबलपुर।** सिहोरा बायपास पर सोमवार दोपहर एक तेज रफ्तार ट्रक की लापरवाही बड़ा हादसा बनते-बनते रह गई। पीछे से आए ट्रक की जोरदार टक्कर के बाद सीमेंट से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पहले डिवाइडर से टकराया और फिर बीच सड़क पर पलट गया। हादसे के दौरान चालक और क्लीनर ने समय रहते ट्रक से छलांग लगा दी, जिससे उनकी जान बच गई। ट्रक पलटते ही सीमेंट की बोरियां सड़क पर बिखर गईं और बायपास पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।पुलिस के अनुसार मैहर से सीमेंट लोड कर ट्रक चालक अब्दुल रहमान छिंदवाड़ा जा रहा था। उसके साथ क्लीनर मनोज यदुवंशी भी मौजूद था। दोपहर करीब दो बजे सिहोरा बायपास पर पीछे से आए एक ट्रक ने उसके वाहन को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि चालक ट्रक पर नियंत्रण नहीं रख सका। ट्रक डिवाइडर से टकराने के बाद सड़क के बीचोंबीच पलट गया।

हादसे के बाद सड़क पर सीमेंट की बोरियां बिखर गईं, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन बुलाकर क्षतिग्रस्त ट्रक को सड़क से हटवाया। बिखरे हुए सीमेंट के कट्टों को किनारे कराने के बाद यातायात सामान्य कराया जा सका।

हादसे में ट्रक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि चालक और क्लीनर बाल-बाल बच गए। पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## लोकायुक्त दल ने रिश्वत लेते रंगेहाथ कोटवार को दबोचा

**जबलपुर।** लोकायुक्त जबलपुर के दल ने सोमवार को सिवनी जिले की केवलारी तहसील के अंतर्गत उप तहसील कार्यालय उगली में वर्तमान में लिपिक का काम देख रहे कोटवार को कोर्ट केस खत्म करने के एवज में 1500 रुपए की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम सुरेखा खुर्द जेवनारा, तहसील केवलारी निवासी रीना ठाकरे (34 वर्ष) पति गौरी शंकर ठाकरे का अपने पड़ोसी से विवाद हो गया था। इस विवाद के बाद थाना उगली में आवेदिका और उनके परिवार के सदस्यों के विरुद्ध धारा 107-116(3) जा.फौ. के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई थी।उक्त मामला उप तहसील कार्यालय उगली में चल रहा था। इसी केस को रफा-दफा करने के नाम पर वर्तमान में उप तहसील कार्यालय उगली में बाबू (लिपिक) का काम संभाल रहे ग्राम पौड़ी के कोटवार कमलेश गनवीर ने आवेदिका से 3 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की। मोलभाव के बाद आरोपी कोटवार 1500 रुपए की रिश्वत लेने के लिए तैयार हो गया।आवेदिका ने कोटवार की इस मांग पर शिकायत लोकायुक्त पुलिस जबलपुर से शिकायत कर दी। लोकायुक्त की टीम ने शिकायत की सत्यता जांचने के बाद अपना जाल बिछाया। और 13 जुलाई को योजना के मुताबिक जैसे ही आवेदिका रीना ठाकरे ने उप तहसील कार्यालय उगली पहुंचकर आरोपी कोटवार कमलेश गनवीर को 1500 रुपए की रकम दी वैसे ही पहले से तैयार लोकायुक्त जबलपुर की टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया। इसके बाद लोकायुक्त पुलिस ने आरोपी कोटवार कमलेश गनवीर के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) की धारा-7, 13(1)बी, और 13(2) के अंतर्गत मामला दर्ज कर कार्यवाही की।



## ब्राह्मण समाज के मेधावी छात्रों का सम्मान 19 को

**सिहोर।** ब्राह्मण समाज सिहोरा द्वारा मेधावी छात्र छात्रा एंव वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह का आयोजन आगामी 19 जुलाई को संपन्न होगा उक्ताशय का निर्णय पंडित विशुद्धानंद पांडे ब्राह्मण समाज भवन में आयोजित कार्यकारिणी की बैठक में लिया गया। सत्र 2024 में सिहोरा खितौला के विद्यालय में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले ब्राह्मण छात्र छात्राओं के साथ 80 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके समाज की धरोहर वरिष्ठ नागरिकों का भी सम्मान किया जायेगा। कार्यकारिणी की बैठक में ब्राह्मण समाज के नवीन चुनाव एंव सदस्यता की प्रगति पर चर्चा के साथ श्रावण माह में शिव मंदिर बाबाताल में पार्थिव शिवलिंग निर्माण कराने के संबंध में भी प्रस्ताव पारित किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण समाज सिहोरा के संरक्षक अश्वनी कुमार पाठक,अध्यक्ष राकेश पाठक,महामंत्री प्रवीण कुररिया,नरेन्द्र त्रिपाठी, प्रवीण गौतम,अशोक उपाध्याय,राजेश मिश्रा, अनिरुद्ध त्रिवेदी,सुरेन्द्र तिवारी,सुनील तिवारी, राजकिशोर तिवारी,नारायण तिवारी,अनिल दुबे,सतेन्द्र तिवारी,प्रशांत बाजपेयी सहित कार्यकारिणी के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# रंगदारी वसूलने चाकूबाजी, 5 घायल



**जबलपुर।** भेड़ाघाट, गोहलपुर और हनुमानताल थाना क्षेत्र में शराब पीने के लिए रुपए नहीं मिलने की बात पर बदमाशों ने पांच युवकों पर चाकू से हमलाकर घायल कर दिया। भेड़ाघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार देव भूमि परिसर चौकीताल निवासी 25 वर्षीय महेंद्र अहिरवार गत रात लगभग 9 बजे अपने बड़े भाई गनेश अहिरवार के साथ अपनी गैराज दुकान पर था तभी अर्पित उर्फ गोलू पटैल जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित करते हुये शराब पीने के लिये पैसों की मांग करने लगा, मना करने पर अर्पित उर्फ गोलू अपने साथी संजू पटैल के साथ दोनों के साथ मारपीट कर दी। गनेश अहिरवार के धक्के से संजू लोहे के खम्बा से टकरा गया जिससे संजू को आंख के पास चोटें आ गई। वहीं गोलू ने डंडा से गनेश के पीठ पर हमला कर उसका ई रिक्शा तोडकर क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296(बी), 119(1), 115(2), 324(4), 351(3), 3(5) बीएनएस तथा 3(1)द, 3(1)(ध), 3(2)(व्हीए) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।इसी तरह गोहलपुर चौधरी मोहल्ला निवासी 20 वर्षीय वेटर गौरव चौधरी गत रात 11 बजे अपने दोस्त योगेंद्र उर्फ पंतुल चौधरी के साथ अपने घर जाते समय सुशीला परिसर गेट के अंदर नितिन चौधरी, पप्पू चौधरी, अप्पू रैकवार, अक्षय चौधरी ने उससे एवं उसके दोस्त पंतुल से शराब पीने के लिये 1 हजार रूपये मांग करने लगे, मना करने पर गालीगीलौज कर नितिन चौधरी ने गौरव और पंतुल उर्फ योगेन्द्र पर चाकू से हमला कर दिया। इसी प्रकार हनुमानताल सिंधी कैंप पुलिस चौकी के पीछे हनुमानताल निवासी 30 वर्षीय राकेश कुवानी दुर्गा चौक बड़ी खेरमाई मंदिर के पास स्थित गत सुबह अपनी चाय की दुकान में था, तभी दुर्गा चौक बड़ी खेरमाई मंदिर के पास हनुमानताल निवासी शिवांश सोनकर उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये की मांग करते हुए गालियां देने लगा, मना करने पर चाकू से हमलाकर घायल कर दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296 बी, 115(2), 119(1), 351, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## आउटसोर्स बिजली कर्मचारियों के साथ देर रात हुई लूट और मारपीट की घटना

**बरेला।** नगर में बिजली विभाग में आउटसोर्स से काम करने वाले कर्मचारी चंद्रभान झरिया के साथ गत रात्रि में मारपीट और लूट की घटना का प्रकरण सामने आया है। इस संबंध में आउट सोर्स कर्मचारी चंद्रभान झरिया ने बताया कि मैं ग्राम ढूंढी का निवासी हूं। कल रात्रि लगभग 12:00 बजे ड्यूटी से अपने घर जाते समय रछाई शारदा मंदिर के पास रेट स्टाफ के पास कुछ लोगों द्वारा बाईक अडाकार मेरे साथ मारपीट की गई तथा मेरे पास रखा हुआ मोबाइल, नगद 7000 रुपए, चांदी की अंगूठी जबरदस्ती छुड़ा लिए गए। मेरे साथ मारपीट की घटना से मेरी आंख के यहां भी चोट आई हुई है इस संबंध में मैं थाने में शिकायत भी दर्ज कराई है इस संबंध में थाना प्रभारी संगीता सिंह का कहना है कि शिकायत पर कार्यवाही की जा रही है।

## सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी व जेवर चोरी

**जबलपुर।** गौरीघाट थाना अतंर्गत जिलेहरी गांव में सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर सहित नगदी रुपए चोरी कर ले गया। गौरीघाट पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिलेहरी गांव गौरीघाट निवासी 59 वर्षीय बिजली विभाग रिटायर्ड कपिल शर्मा गत दिवस अपने घर में ताला लगाकर अपने परिवार के साथ रिश्तेदारी में इंदौर गया था। कुछ दिन बाद उसे उसके छोटे भाई मनीष शर्मा ने फोन पर चोरी की सूचना दी। सूचना पाकर वह रात लगभग 11 बजे घर वापस आया तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था अंदर की आलमारी का लॉक टूटा हुआ था। आलमारी में रखी सोने की चैन, टूटा हुआ मंगलसूत्र, 1 अंगूठी, एक जोड़ी बाली, चांदी की एक जोड़ी पायल, भगवान की 2 मूर्ति, नगदी 3 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। घर में लगे सीसीटीव्ही कैमरे चैक करने पर 11 जुलाई की रात लगभग 2.30 बजे दो नाकाबपोश अज्ञात व्यक्ति घर का दरवाजा तोड़कर घर में घुसते हुये एवं 3.30 बजे घर के बाहर निकलते दिखाई दे रहे हैं।



## जिला स्तरीय शालेय टेबल टेनिस प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर बैठक सम्पन्न

**जबलपुर।** जिला स्तरीय शालेय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर महर्षि विद्या मंदिर, नेपियर टाउन में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के करीब 15 विद्यालयों के क्रीड़ा शिक्षक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का आयोजन 16, 17 एवं 18 जुलाई 2026 को किया जाएगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी प्रतिभागी विद्यालयों के खिलाड़ियों के पंजीयन संबंधी दस्तावेज 5 प्रतियों में आयोजक विद्यालय के क्रीड़ा अधिकारी रविन्द्र झा के पास 16 जुलाई तक जमा करना अनिवार्य होगा। इसके बाद किसी भी खिलाड़ी को प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया जाएगा। प्रतियोगिता में 17 जुलाई को बालक वर्ग (14, 17 एवं 19 वर्ष) तथा 18 जुलाई को बालिका वर्ग (14, 17 एवं 19 वर्ष) के मुकाबले खेले जाएंगे। सभी मैच सुबह 9 बजे से प्रारंभ होंगे। बैठक में जिला खेल अधिकारी मधुमिता हाजरा, विद्यालय प्राचार्य नीलेश कुमार पाण्डे, खेल अधिकारी रविन्द्र झा, प्रतियोगिता ऑब्जर्वर हेमलता तिवारी, विनोद पोद्दार, सुशील रजक एवं सोनिया सवाई सहित अन्य उपस्थित रहे।



## रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर प्रीमियर की नई कार्यकारिणी ने संभाला दायित्व

**जबलपुर।** रोटरी क्लब ऑफ जबलपुर प्रीमियर का छठा इंस्टॉलेशन समारोह श्रीराम इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा के मार्गदर्शन में स्थापित क्लब के इस समारोह में उन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता की। इस अवसर पर रामेन्द्र करसोलिया ने क्लब अध्यक्ष, डॉ. मोहसिन अंसारी ने मानद सचिव तथा भावनीत दुआ ने प्रेसिडेंट-इलेक्ट के रूप में दायित्व ग्रहण किया।

समारोह में निवर्तमान अध्यक्ष आशुतोष प्यासी ने अपने कार्यकाल में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सदस्यों को स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। वक्ताओं ने क्लब की सामाजिक प्रतिबद्धता, सेवा कार्यों और नवाचार आधारित परियोजनाओं की सराहना करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं जनकल्याण के क्षेत्र में क्लब के योगदान को उल्लेखनीय बताया।

## राष्ट्रीय आइस स्केटिंग प्रतियोगिता में जबलपुर के विशेष खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन



**जबलपुर।** उत्तराखंड के देहरादून में आयोजित स्पेशल ओलंपिक भारत-नेशनल चैंपियनशिप 2026 की राष्ट्रीय आइस स्केटिंग प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अगले दौर में प्रवेश किया है। प्रतियोगिता में संस्कारधानी जबलपुर के विशेष खिलाड़ी उत्कर्ष कुमार जैन, ईशान कुमार गुप्ता एवं श्रेष्ठ मिश्रा ने अपने संतुलन, गति और उत्कृष्ट कौशल का प्रदर्शन कर सभी का ध्यान आकर्षित किया।

टीम के कोच राम किशोर सोनी ने बताया कि कठिन परिस्थितियों और कड़े मुकाबलों के बीच खिलाड़ियों ने बर्फ के ट्रैक पर शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि में प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन और निरंतर अभ्यास की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अब मंगलवार को होने वाले फाइनल मुकाबले एवं पुरस्कार वितरण समारोह पर खेल प्रेमियों की नजरें टिकी हैं। टीम प्रबंधन और प्रशिक्षकों ने विश्वास जताया है कि खिलाड़ी फाइनल में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मध्यप्रदेश और जबलपुर का नाम गौरवान्वित करेंगे।

## जबलपुर–कोलकाता सीधी वायुसेवा की घोषणा का संघर्ष समिति ने किया स्वागत

**जबलपुर।** जबलपुर संघर्ष समिति ने एलायंस एयर द्वारा जबलपुर–कोलकाता सीधी वायुसेवा शुरू करने की घोषणा का स्वागत करते हुए इसे शहर की वायु संपर्क व्यवस्था के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। समिति के संयोजक हिमांशु खरे ने बताया कि अप्रैल 2026 में समिति ने एलायंस एयर के शीर्ष प्रबंधन से पत्राचार एवं चर्चा कर जबलपुर की एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने का आग्रह किया था, जिसमें स्थानीय प्रबंधन का भी सकारात्मक सहयोग मिला।समिति ने इस उपलब्धि के लिए लोकसभा सांसद आशीष दुबे के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके सक्रिय सहयोग से यह मांग पूरी हो सकी। समिति के बलदीप मैनी, मनु शरत तिवारी, हिमांशु राय, प्रीति चौधरी, आई.के. खन्ना, अभिषेक जैन एवं सुनील श्रीवास्तव ने भविष्य में जबलपुर से पुणे, अहमदाबाद, चेन्नई सहित अन्य प्रमुख शहरों के लिए भी नियमित उड़ानें शुरू करने की मांग की। वहीं अरुण पवार, देवब्रत मिश्रा एवं पी.एस. राजपूत ने एलायंस एयर प्रबंधन, स्थानीय अधिकारियों और सांसद आशीष दुबे का आभार व्यक्त करते हुए वायुसेवाओं के विस्तार के लिए समिति के प्रयास जारी रखने की बात कही।



## एलाइंस क्लब जबलपुर मार्बल रॉक्स के स्थापना दिवस पर चिकित्सक, पत्रकार एवं हास्य कलाकार सम्मानित

**जबलपुर।** एलाइंस क्लब जबलपुर मार्बल रॉक्स का स्थापना दिवस समारोह सम्मान एवं सेवा भावना के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले चिकित्सकों, पत्रकारों एवं हास्य कलाकारों का सम्मान कर उनके सामाजिक योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम में क्लब के संस्थापक कमल चौरसिया, संरक्षक मनीष खरे, प्रो. एच.बी. पालन, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विनोद तिवारी, वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विभा ब्यौहार, अध्यक्ष खुमेश गड़वाल, महिला अध्यक्ष सुमन राय, सचिव आलोक साहू तथा आरती गुप्ता सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।वक्ताओं ने क्लब द्वारा संचालित सेवा गतिविधियों की सराहना करते हुए समाजहित में ऐसे आयोजनों को प्रेरणादायी बताया। सम्मानित अतिथियों ने भी आयोजन के लिए एलाइंस क्लब परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया।

## युवक फांसी पर लटका

**जबलपुर।** बेलखेड़ा थाना अतंर्गत गोकला में एक शराबी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। बेलखेड़ा पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गोकला निवासी महेश पटेल शराब पीने का आदि था। गत रात 9.30 बजे महेश शराब के नशे में आया और घर के कमरे में लगे पंखे के कुंदा में साड़ी के फंदे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।

# बीयर लेने गए... लौटे तो कार ही गायब

## चाबी लगी छोड़ना पड़ा महंगा

**जबलपुर।** कभी-कभी एक छोटी-सी लापरवाही इतना बड़ा नुकसान करा देती है कि बाद में पछताने के अलावा कुछ नहीं बचता। लार्डगंज थाना अतंर्गत रानीताल स्थित शराब दुकान के बाहर भी कुछ ऐसा ही हुआ। कार मालिक बीयर खरीदने के लिए कुछ मिनट के लिए दुकान में गया, लेकिन जब लौटा तो बीयर तो मिल गई, कार नहीं मिली। जिस जगह कार खड़ी की थी, वहां सिर्फ खाली जगह बची थी।

लार्डगंज थाना पुलिस के अनुसार कमानिया गेट निवासी संजय राहुल जैन रविवार रात अपनी सैंट्रो कार (एमपी-15-सीए-7087) से रानीताल क्षेत्र पहुंचे थे। उजारपुरवा में कार खड़ी कर वह बीयर खरीदने शराब दुकान में चले गए। जल्दबाजी में कार की चाबी भी वाहन में ही लगी छोड़ दी। बस, इसी चूक का फायदा किसी शातिर ने उठा लिया। कुछ ही मिनटों में अज्ञात युवक कार लेकर फरार हो गया।

कार मालिक जब दुकान से बाहर आया तो वाहन गायब था। आसपास काफी तलाश और लोगों से पूछताछ की, लेकिन कार का कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उसने लार्डगंज थाने पहुंचकर चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई।

पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ वाहन चोरी का मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। पुलिस का मानना है कि आरोपी ने कार में लगी चाबी देखकर मौके का फायदा उठाया और आसानी से वाहन लेकर निकल गया।

### लापरवाही बनी चोरी की वजह

शहर में लगातार वाहन चोरी की घटनाओं के बीच पुलिस लोगों से बार-बार अपील कर रही है कि वाहन छोड़ते समय चाबी कभी भी उसमें न छोड़ें। कुछ मिनटों की लापरवाही कई लाख रुपये का नुकसान करा सकती है। इस मामले में भी यही चूक कार मालिक पर भारी पड़ गई।पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



## जबलपुर के अभय सिंह ने एशियाई अंडर-23 एथलेटिक्स में जीता कांस्य पदक

**जबलपुर।** संस्कारधानी के विजय नगर निवासी धावक अभय सिंह ने चीन के ओरडोस में आयोजित एशियाई अंडर-23 एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2026 की पुरुष 200 मीटर दौड़ में 20.96 सेकंड का समय दर्ज कर कांस्य पदक जीतते हुए देश, प्रदेश और जबलपुर का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि ने भारतीय एथलेटिक्स को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई है। विद्यालयीन दिनों से ही अपनी प्रतिभा का परिचय देने वाले अभय ने कठिन परिश्रम, अनुशासित अभ्यास और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता हासिल की। उनकी उपलब्धि पर पर्व जायसवाल ने बधाई देते हुए कहा कि यह पूरे मध्यप्रदेश के लिए गर्व का विषय है और इससे प्रदेश के युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी।



**श्री अवधेश शर्मा-** कचनार सिटी निवासी श्री अवधेश शर्मा का 68 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी किरण, बेटा अभिषेक एक बेटी को छोड़ गए हैं। उनकी अंतिम यात्रा निज निवास से मंगलवार दोपहर 12 बजे कचनार सिटी से गौरी घाट श्मशान के लिए रवाना होगी।

**श्री रामभाऊ चौधरी-** छापर रामपुर निवासी श्री रामभाऊ चौधरी (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेश सोंधिया-** सिद्धबाबा वार्ड चाचा किराना के पास निवासी श्री प्रकाश चंद्र सोंधिया के पुत्र श्री राजेश सोंधिया (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सविता चौपड़ा-** गुरूदेव कॉलोनी बेदीनगर निवासी श्री राजकुमार चौपड़ा की धर्मपत्नी श्रीमती सविता चौपड़ा (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल सेन-** द्वारका नगर कछियाना लालमाटी निवासी श्री अनिल सेन (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।




**श्री ओम प्रकाश मालाकार-** सदशिव नगर गढ़ा निवासी श्री ओम प्रकाश मालाकार (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती पार्वती बाई चौधरी-** बड़ी मदार टेकरी शंकर चौक निवासी श्री राम मिलन चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती बाई चौधरी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती राजा बाई मल्लाह-** टेलीग्राफ गेट नं. 4 साईं मंदिर के पास निवासी श्री केशव मल्लाह की धर्मपत्नी श्रीमती राजा बाई मल्लाह (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती गुड्डी चौधरी-** बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री राम बहोर चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती गुड्डी चौधरी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर शमशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती ईवा राव-** ब्लाक नं. 13 के पास पोलीपाथर निवासी श्री ज्ञानेश्वर राव की धर्मपत्नी श्रीमती ईवा राव (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.

| | | | |
|---|---|---|---|
| डिस्प्ले साइज:- | 8x5 से.मी. | ब्लैक&व्हाईट | 300/- |
| डिस्प्ले साइज:- | 8x5 से.मी. | रंगीन | 400/- |
| डिस्प्ले साइज | 8x10 से.मी. | रंगीन | 1100/- |

सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

# किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली सुनिश्चित की जाये : कलेक्टर

**जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय में समय-सीमा प्रकरणों के निराकरण को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा गारंटी के तहत लंबित आवेदनों की विभागवार समीक्षा करते हुए प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली सुनिश्चित की जाये। फसलों में सिंचाई के लिए बिजली आपूर्ति में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने किसानों को खाद वितरण में सुगमता सुनिश्चित करने और ई-उपार्जन प्रणाली के अंतर्गत किसानों की भूमि सत्यापन प्रक्रिया को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।




कलेक्टर श्री सिंह ने ठोस अपशिष्ट पदार्थों के परिवहन में लगे वाहनों का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा इस कार्य के लिए किसी भी पुराने वाहन का उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। इसके अलावा कचरे का निष्पादन केवल निर्धारित डंपिंग साइटों पर ही किया जाए और कहीं भी कचरा डंप नहीं होना चाहिए।

बैठक में शासन की स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर श्री सिंह ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, मुख्यमंत्री युवा अन्नदूत योजना और लाड़ली लक्ष्मी योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से पहुंचायें। उन्होंने पीएम जनमन आवास की ब्लॉक-वार समीक्षा करते हुए अधूरे आवासों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में श्री सिंह ने 15 जुलाई से शुरू हो रहे नशा मुक्ति अभियान को लेकर सभी एसडीएम को बेहतर प्लान तैयार करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी पुलिस और शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित कर शैक्षणिक संस्थानों के आसपास स्थित तंबाकू, गुटका की दुकानों पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में खाद्यान्न वितरण, संबंल के लंबित पंजीयन के प्रकरणों की समीक्षा भी की गई।

बैठक में अपर कलेक्टर नीता राठौर, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक गहलोत सहित जिले के सभी एसडीएम और जिला अधिकारी उपस्थित थे। फील्ड स्तर के अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में जुड़े थे।



# कैट महिला विंग जबलपुर चैप्टर का गठन 90 से अधिक महिला उद्यमियों ने ली शपथ

**जबलपुर।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) महिला विंग के जबलपुर चैप्टर का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह वेलकम होटल (बाय आईटीसी) में राष्ट्रीय अध्यक्ष संगीता पाटिल और राष्ट्रीय कन्वीनर सीमा सिंह चौहान की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। समारोह में 90 से अधिक महिला उद्यमियों ने महिला सशक्तिकरण, "वोकल फॉर लोकल" और "आत्मनिर्भर भारत" के संकल्प को आगे बढ़ाने की शपथ ली। इस अवसर पर नम्रता भाटिया को जिला अध्यक्ष, प्रतिभा जैन को जिला उपाध्यक्ष, दिव्या डोडेजा को जिला सचिव तथा सपना जैन को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया। वहीं एक्सपर्ट एडवाइजर कमेटी में एकता कालरा, सुषमा बजाज, मंजीत चक्कल, नंदिनी भारील एवं सुलेखा क्षत्रिय को शामिल किया गया।कार्यक्रम में संगठन को सुदृढ़ बनाने के लिए 14 विषय आधारित समितियों का गठन कर अनुपमा ठाकुर, मनीषा श्रीवास्तव, पूनम चौहान, डॉ. रानी वैद्य, गीत गोगिया, साधना गोखलानी, डॉ. रैना तिवारी, रूपाली गुप्ता बरसैंया, शिल्पा समैया, पिनाकिनी पांडे, सृष्टि तिवारी, डॉ. श्वेता जैन, रश्मि दुबे, स्वाति सोनी, सीमा गोयल, अमृशा देशमुख, अनुभूति बादशाह, शेफाली सिंह, श्वेता दासगुप्ता, शुभांगी शुक्ला, प्रिया उज्ज्वल सिंह, गीतिका राठौड़, दीपम, निधि गंगराड़े एवं भावना मनवानी सहित अनेक महिला उद्यमियों को विभिन्न जिम्मेदारियां सौंपी गईं।राष्ट्रीय अध्यक्ष संगीता पाटिल ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी व्यापार एवं उद्योग को नई दिशा देगी, जबकि सीमा सिंह चौहान ने जबलपुर चैप्टर को महिला उद्यमिता का प्रेरणादायी मॉडल बनने का विश्वास जताया। समारोह में सांसद आशीष दुबे, विधायक अभिलाष पांडे, जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन, मध्यप्रदेश कैट फेडरेशन के अध्यक्ष हिमांशु खरे, कैट जबलपुर अध्यक्ष राजीव बडेरिया, जितेंद्र पचौरी, संदेश जैन, दीपक सेठी, रोहित खटवानी, राजा सराफ, मदन अवस्थी एवं मनु शरत तिवारी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आगामी भारतीय व्यापार महोत्सव और नारी शक्ति वंदन अभियान की रूपरेखा पर भी चर्चा की गई।

## सीएनजी की जगह सीबीजी देकर उपभोक्ताओं के साथ हो रही ठगी

**कलेक्टर से मिलकर की शिकायत**

**जबलपुर।** ई-20 (एथेनाल मिश्रित) पेट्रोल को लेकर मची घमासान के बाद अब सीएनजी के नाम पर सीबीजी देने का मामला सामने आया है तथा इसकी कलेक्टर जबलपुर से मुलाकात कर शिकायत की गई है। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने बताया कि उपभोक्ताओं द्वारा खरीदे गए मोटर वाहनों के लिए काम्प्रेस्ड नेचरल गैस (सीएनजी) के जगह काम्प्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) जबलपुर के गैस पम्पों पर दिया जा रहा है। सीएनजी की कीमत 105 रुपये प्रति लीटर के भाव से ही यह सीबीजी दिया जा रहा है, जबकि सीबीजी की उत्पादन लागन 60 रुपये प्रति लीटर होती है। सीएनजी की कैलोरिक वेल्यू बायोगैस की तुलना में ज्यादा है, इस कारण बायोगैस से मोटर वाहनों में माइलेज घट गया है। कार तथा आटो में 5-6 किमी, प्रति लीटर के हिसाब से घट गया है। नेचुरल गैस की तुलना में बायोगैस में ऑक्सीजन होता है, नतीजन वह वातावरण की आद्रता ज्यादा शोषित करता है, जिसके कारण इंजन में खराबी हो रही है।मंच ने कलेक्टर से मांग की है कि इस प्रकरण में आवश्यक वस्तु अधिनियम का घोर उल्लंघन किया गया है, अतः इस अधिनियम के प्रावधानों के तहत उपभोक्ताओं के साथ ठगी करने वालों पर एफआईआर दायर हो।

### जांच की रिपोर्ट पेश करने के आदेश

कलेक्टर जबलपुर ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए अपर कलेक्टर को तत्काल जांच कर रिपोर्ट पेश करने के आदेश दिए हैं। इस अवसर पर डॉ. पीजी नाजपांडे, रजत भार्गव, वेदप्रकाश अधौलिया, मनीष शर्मा तथा घनश्याम सोनकर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## प्रो. डॉ. गोविंद पांडेय डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन टीचर्स प्राइड अवार्ड से सम्मानित

**जबलपुर।** ख्यातिलब्ध पशु चिकित्सा वैज्ञानिक, शिक्षाविद, साहित्यकार, अधिवक्ता, समाजसेवी, अनेक पुस्तकों के लेखक प्रो. डॉ. गोविंद पांडेय को उनकी लगभग 50 वर्षों की शैक्षणिक एवं शिक्षकीय उपलब्धियों हेतु डिजीटल भारत द्वारा वर्ष 2026 का राष्ट्र स्तरीय डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन टीचर्स प्राइड अवार्ड 12 जुलाई को शहीद स्मारक भवन में प्रदान किया गया।



समारोह में मुख्य अतिथि सांसद आशीष दुबे, विशिष्ट अतिथि जेएनकेविवि जबलपुर के कुलपति डॉ. पीके मिश्रा, श्रमजीवी पत्रकार संघ के परमानंद तिवारी, निलिनकांत वाजपेयी तथा डिजीटल भारत के प्रमुख प्रमोद पटेल उपस्थित रहे। डॉ. पांडेय की इस उपलब्धि पर शिक्षाविदों, साहित्यकारों, शिक्षकों व शुभचिंतकों ने बधाई दी।

# विशेषज्ञों ने साझा की आधुनिक उपचार पद्धतियाँ

**जेडीओएस का छठवाँ वार्षिक नेत्र विज्ञान सम्मेलन सम्पन्न**

**जबलपुर।** जबलपुर डिविजनल ऑप्थैल्मिक सोसायटी (जेडीओएस) द्वारा आयोजित प्रो. डॉ. आर.के. मिश्रा मेमोरियल छठवाँ वार्षिक नेत्र विज्ञान सम्मेलन गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति विवेक रूसिया ने कहा कि न्यायपालिका और चिकित्सा दोनों ही मानवता की सेवा के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। न्यायपालिका जहां सामाजिक विकृतियों का उपचार करती है, वहीं चिकित्सक रोगों का उपचार कर लोगों को स्वस्थ जीवन प्रदान करते हैं। उन्होंने ऐसे वैज्ञानिक सम्मेलनों को चिकित्सा ज्ञान के आदान-प्रदान और बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण बताया।




सम्मेलन में डॉ. यू.पी. दीपांकर, डॉ. अतुल शर्मा, डॉ. तरुण अहिरवार, डॉ. ऋचा शर्मा, डॉ. ब्रजेश चौधरी, डॉ. मयूरी बोहरा, डॉ. राहुल शुक्ला, डॉ. इंदु पाण्डे, डॉ. अतुल मिश्रा एवं डॉ. कमला लालवानी सहित अनेक वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ उपस्थित रहे। सम्मेलन की सफलता का श्रेय जेडीओएस अध्यक्ष डॉ. रविन दास और वैज्ञानिक समिति के अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र बिसेन को दिया गया। डॉ. पवन स्थापक ने स्थानीय नेत्र विशेषज्ञों को राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराने की पहल की जानकारी दी। वैज्ञानिक सत्रों में डॉ. ए.के. ग्रोवर ने आई ट्रॉमा, प्टोसिस एवं थायराइड आई डिजीज के आधुनिक उपचार पर तथा डॉ. नरेन्द्र पाटीदार ने रेटिनोब्लास्टोमा एवं लैक्रिमल विकारों के नवीन उपचार पर व्याख्यान दिए। इसके अलावा डॉ. श्रुति चौधरी, डॉ. नितिन सोनी, डॉ. हरशे, डॉ. वरखड़े, डॉ. सुरभि दुबे, डॉ. नीरज मिश्रा और डॉ. रितेश शुक्ला सहित विशेषज्ञों ने आधुनिक नेत्र चिकित्सा विषयों पर अपने अनुभव साझा किए।



## मानव अधिकार समिति निर्धन बच्चों को बांटेगी शिक्षण सामग्री

**जबलपुर।** अखिल भारतीय मानव अधिकार समिति द्वारा 25 जुलाई 2026 को सामुदायिक भवन, गढ़ा में निर्धन छात्र-छात्राओं के लिए शिक्षण सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय पांडे ने पत्रकार वार्ता में बताया कि पहली से पांचवीं कक्षा तक के जरूरतमंद बच्चों को स्कूलों के माध्यम से चिन्हित कर 200 विद्यार्थियों को बस्ता, कॉपियां, कंपास बॉक्स, टिफिन एवं पानी की बोतल वितरित की जाएगी। कार्यक्रम में बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों, संतों और शिक्षा अधिकारियों की उपस्थिति रहेगी। इस अवसर पर केपी उपाध्याय, राकेश बेन, सुरेंद्र यादव, गगन मिश्रा, भूषण पटेल, अभिषेक पीटर, श्रेयस पांडे तथा राष्ट्रीय महामंत्री इंजीनियर सतीश चंद्र उपस्थित रहे। समिति ने नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों से भी जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा के लिए सहयोग करने की अपील की।



## कर्मचारी समस्याओं के निराकरण की मांग, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संभागायुक्त कार्यालय में उपायुक्त अरविंद सिंह को ज्ञापन सौंपा। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि ज्ञापन में हमारे शिक्षक एप की ई-अटेंडेंस संबंधी तकनीकी समस्याओं का समाधान, राज्य कर्मचारियों को केंद्र के समान 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता, लंबे समय से कार्यरत पात्र शिक्षकों को टीईटी पात्रता परीक्षा से छूट तथा शिक्षा विभाग में लंबित पदोन्नति प्रक्रिया शीघ्र शुरू करने की मांग की गई है। इस दौरान हेमंत ठाकरे, राजेश सहारिया, एनोस विक्टर, गुडविन चार्ल्स, राकेश श्रीवास, रऊफ खान, दिपेश जैन, फिलिप एंथोनी, समीर धुर्वे, राजकुमार यादव, सुरेंद्र चौधरी, लालजी प्रसाद, मनमोहन चौधरी, संतोष श्रीवास्तव, उमेश सिंह ठाकुर, धनराज पिल्ले, सुनील झारिया, मनीष मिश्रा, सुधीर अवधिया, संतोष चौरसिया, रामेश्वर प्रसाद दुबे, नीरज मरावी, क्रिस्टोफर नरोन्हा, राकेश गुप्ता, गोपीशाह एवं देवेंद्र भट्ट सहित संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रस बैठक की सुरमयी संध्या शास्त्रीय संगीत के स्वर तबला गायन ने समां बांधा

**जबलपुर।** संस्कारधानी की सांगीतिक संस्था 'रस बैठक' के तत्वावधान में दत्त मंदिर परिसर, गोलबाजार में आयोजित शास्त्रीय संगीत की सुरमयी संध्या सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में संगीत प्रेमियों ने उपस्थित होकर भारतीय शास्त्रीय संगीत और भक्ति संगीत का आनंद लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुंबई से पधारे राष्ट्रीय स्तर के प्रख्यात तबला वादक एवं पद्मश्री पंडित योगेश सामसी के शिष्य, उस्ताद बिस्मिल्लाह ख़ाँ युवा पुरस्कार से सम्मानित यशवंत वैष्णव के तबला एकल वादन से हुआ। उनकी लयकारी, ताल और तकनीकी कौशल से सजी प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, जिसे उपस्थित संगीत प्रेमियों ने खूब सराहा। इसके बाद ग्वालियर



घराने के युवा शास्त्रीय गायक एवं पद्मश्री पंडित उल्हास कशालकर के शिष्य डॉ. विवेक कर्महे ने राग बागेश्री की प्रभावशाली प्रस्तुति देकर वातावरण को सुरमय बना दिया। उन्होंने आगे अभंग और भजनों की प्रस्तुति देकर पूरे परिसर को भक्तिमय माहौल में रंग दिया। हार्मोनियम पर इंदौर से आए दीपक खसरवाल ने उत्कृष्ट संगत दी, जबकि तानपुरे पर श्री प्रियम ने प्रभावी सहयोग प्रदान किया, कार्यक्रम का संचालन कुमारी पलक ने किया। आयोजन के दौरान 'रस बैठक' की ओर से बताया गया कि संस्था पिछले तीन वर्षों से डॉ. विवेक कर्महे के मार्गदर्शन में जबलपुर में भारतीय शास्त्रीय संगीत, भक्ति संगीत और सांस्कृतिक परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के उद्देश्य से नियमित सांगीतिक कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

## एमपी पावर जनरेटिंग कंपनी में 1,417 अधिकारियों-कर्मचारियों को पदोन्नति, वर्षों का इंतजार खत्म

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी लिमिटेड (एमपीपीजीसीएल) ने मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम-2025 के तहत वर्षों से लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूरी करते हुए 1,417 नियमित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पदोन्नति प्रदान की है। जारी आदेशों के अनुसार 71 प्रथम श्रेणी, 336 द्वितीय श्रेणी, 948 तृतीय श्रेणी तथा 62 चतुर्थ श्रेणी के अधिकारियों-कर्मचारियों को इसका लाभ मिला है। पदोन्नति प्रक्रिया सेवा अभिलेख, वरिष्ठता, योग्यता एवं निर्धारित मापदंडों के परीक्षण के बाद पूरी की गई। प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने पदोन्नत कार्मिकों को शुभकामनाएं देते हुए इसे उनकी कर्मनिष्ठा और उत्कृष्ट कार्य का सम्मान बताया। निदेशक (तकनीकी) सुबोध निगम एवं निदेशक (वाणिज्य) मिलिंद भांदक्कर ने कहा कि राज्य शासन की कर्मचारी हितैषी नीति से लंबे समय से प्रतीक्षारत कर्मचारियों में उत्साह का संचार हुआ है। वहीं कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) दीपक कश्यप ने बताया कि पदोन्नति से रिक्त होने वाले पदों पर नई नियुक्तियों का मार्ग भी प्रशस्त होगा, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिलेंगे ।



## लम्हेटा रामवन में गायत्री परिवार ने किया 501 पौधों का रोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

**जबलपुर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वावधान में घुघराघाट-लम्हेटा स्थित रामवन में 501 पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बरगी विधायक नीरज सिंह तथा अध्यक्षता जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में चतुर्भुज सिंह, बृज बिहारी शर्मा एवं नरेश तिवारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ से निकली जनजागरण रैली से हुई, जिसमें दीप्ति मिश्रा, वंदना नामदेव, ममता चौरे एवं कल्पना विश्वकर्मा ने पर्यावरण जागरूकता गीत प्रस्तुत किए।विधायक नीरज सिंह ने पौधरोपण को भविष्य की पीढ़ियों के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए प्रत्येक नागरिक से विशेष अवसरों पर पौधे लगाने का आह्वान किया। इसके बाद पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ पीपल, नीम, बरगद, आंवला, बेल सहित विभिन्न फलदार पौधों का रोपण किया गया। बृज बिहारी शर्मा ने प्रत्येक व्यक्ति से वर्ष में कम से कम पांच पौधे लगाने की अपील की, जबकि प्रकाश मुरझानी और नरेश तिवारी ने वृक्षों के आध्यात्मिक एवं सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में प्रमोद राय, विकास दीक्षित, आयुष पटेल, जगदीश दीक्षित, कमल राय, सत्य प्रकाश शर्मा, सीताराम रजक, रमेश तिवारी, प्रकाश सेन, गीता डोंगरे, कविता तिवारी, वंदना राजपूत, सरोज विश्वकर्मा, स्नेहलता सांवरे सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजन एवं नागरिक उपस्थित रहे। संचालन प्रेम शंकर तिवारी तथा आभार प्रदर्शन बी.बी. शर्मा ने किया। कार्यक्रम की सफलता पर डॉ. अरुण मिश्रा एवं सोनिया वाकुलकर ने शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## डॉ. आम्बेडकर जनसेवा मंच की सभा 19 को

**जबलपुर।** डॉ. बाबा साहेब आम्बेडकर जनसेवा मंच के संगठन मंत्री डॉ. मानक लाल जाटव ने बताया कि मंच की सभा 19 जुलाई को दोपहर 12 बजे से मदन महल, गंगासागर निवासी कमल चौधरी के निवास पर आयोजित है। सभा के मुख्य अतिथि मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा प्रसाद चौधरी होंगे, अध्यक्षता बीआर कापसे करेंगे। मंच के विल्सन भाई, लखन खरे, परसराम अटल, एड. प्रहलाद चौधरी, रामसिपाही सेठ, धर्मेन्द्र सतनामी, महिला प्रकोष्ठ की मीना चौधरी, गुड्डीबाई, रामबाई, रामकली एवं श्यामा बाई, सियाबाई ने उपस्थिति का अनुरोध किया है।

**नाम सुधार सूचना**

मैं मोहम्मद मुजाहिद अंसारी पिता फीरोज अहमद अंसारी, उम्र 25 वर्ष, निवासी 926/1, अंसार नगर इंडियन मेडिकल स्टोर्स के पास, वार्ड नं. 40 डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड, गोहलपुर, जबलपुर (म.प्र.)। यह कि मेरे पासपोर्ट नं. M5474028 मे मेरा पूर्व नाम MOHAMMAD MUJAHID ANSARI S/o FEEROZ AHMED ANSARI दर्ज है। जिसे मैंने बदलकर MOHD MUJAHID ANSARI S/o FEEROZ AHMED ANSARI कर लिया है। यह कि मुझको इसी नाम MOHD MUJAHID ANSARI S/O FEEROZ AHMED ANSARI के नाम से जाना एवं पहचाना तथा पढ़ा-लिखा जावे।

वर्तमान नाम-MOHD MUJAHID ANSARI S/O FEEROZ AHMED ANSARI

पूर्व नाम -MOHAMMAD MUJAHID ANSARI S/o FEEROZ AHMED ANSARI

**नाम एंव जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

I, SAILABALA MISHRA is legally WIFE of ARMY NO 6271896EX, Rank- NK, Name- LATE LAMBODAR MISHRA presently residing at POST- DAHIKOTI, P.S.- BETNOTI,Distt MAYURBHANJ State- ODISHA, PIN- 757100 शपथपूर्वक नि. लि. कथन करती हूँ कि मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम एंव जन्मतिथि SALA BALA DASH / 10/03/1953 दर्ज है। जो कि गलत है। यह कि मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजो में मेरा नाम एंव जन्मतिथि SAILBALA MISHRA /06/10/1954 दर्ज हैं। जो कि सही है मेरे नाम को पढा व सुना एंव मेरे पति के सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जाए द्वारा शपथपत्र नं. 70AA 102909 दिनांक 03-07-26 नोटरी जबलपुर म. प्र.।

गलत नाम एंव जन्मतिथि
SALA BALA DASH / 10/03/1953
सही नाम एंव जन्मतिथि
SAILBALA MISHRA / 06/10/1954

**नाम एंव जन्मतिथि परिवर्तन सूचना**

I, SAILABALAMISHRA, W/O LATE LAMBODAR MISHRA, ARMY NO.6271896EX, Rank-NK, resident of AT/PO- DAHIKOTI, P.S.- BETNOTI , Distt MAYURBHANJ, State- ODISHA, PIN- 757100 शपथपूर्वक नि.लि. कथन करती हूँ कि नाम LAMBODARA MISHRA और LAMBODAR MISHRA (s/o LATE UDAYNATH MISHRA) एक ही व्यक्ति के नाम है यह ऐलान सेना के दस्तावेजो पेंशन और अन्य आधिकारिक रिकार्ड में सुधार और सत्यापन के लिए की जा रही है। शपथपत्र संख्या 70AA 102922 दिनांक 03-07-26 द्वारा नोटरी बेतनोटी मयूरभंज के समक्ष प्रस्तुत।

गलत नाम
LAMBODARA MISHRA
सही नाम
LAMBODAR MISHRA

**नाम परिवर्तन**

मैं, लता रावत (LATA RAWAT), पति श्री अजय रावत (AJAY RAWAT), निवासी: एच.आई.जी. 6, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कटंगा, जबलपुर (म.प्र.) 482001, यह घोषित करती हूँ कि मेरे पासपोर्ट नंबर L9924774 में मेरा नाम गलती से प्रेमलता रावत (PREMLATA RAWAT) और पति का नाम श्री अजय कुमार रावत (AJAY KUMAR RAWAT) अंकित हो गया है।मैंने अपना नाम बदलकर लता रावत (LATA RAWAT) तथा पति का नाम श्री अजय रावत (AJAY RAWAT) कर लिया है,जो कि मेरे अन्य सभी दस्तावेजों जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि में सही रूप से दर्ज है।अतः भविष्य में मुझे व मेरे पति को इसी संशोधित नाम से जाना व पहचाना जाए।पूर्व नाम: प्रेमलता रावत (PREMLATA RAWAT) पति का पूर्व नाम: श्री अजय कुमार रावत (AJAY KUMAR RAWAT) **संशोधित नाम: लता रावत (LATA RAWAT) पति का संशोधित नाम: श्री अजय रावत (AJAY RAWAT)** पता: एच.आई.जी. 6, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, कटंगा, जबलपुर (म.प्र.) 482001

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार विष्णु कुमार शर्मा पिता स्व. श्री मथुरा प्रसाद शर्मा निवासी - ग्राम पड़रिया, ग्राम पंचायत बिलखरवा, पोस्ट व थाना नुनसर तह-पाटन जिला जबलपुर म.प्र. से अधिकृत होकर इस आम सूचना प्रकाशन के माध्यम से आम जनता को सूचित करता हूं कि मेरी पुत्री हिना शर्मा पिता विष्णु कुमार शर्मा निवासी ग्राम पड़रिया, ग्राम पंचायत बिलखरवा, पोस्ट व थाना नुनसर तह-पाटन जिला-जबलपुर म.प्र.। चूंकि मेरे सामाजिक व धार्मिक विश्वास तथा मेरी पारिवारिक मूल परंपराओं व रिति-रिवाजों के विरुद्ध आचरण कर रही है तथा मेरी भावनाओं को अपने आचरण द्वारा गंभीर आघात पहुंचा रही है। जिस कारण से मुझे अपनी पुत्री हिना शर्मा से किसी प्रकार का कोई लगाव नहीं रहा है। उक्त कारण से मैं उससे अपने समस्त सामाजिक संबंध समाप्त कर रहा हूं, तथा उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। उक्तानुसार मेरे न रहने पर मेरी किसी भी चल अचल सम्पत्ति पर मेरी पुत्री हिना शर्मा का कोई भी अधिकार न होगा और न ही उसे मेरी कोई भी चल अचल सम्पत्ति, कृषि भूमि, मकान जेवरात व नगद राशि उसे उत्तराधिकार में प्राप्त नहीं होगी।

दि.-13/07/2026
मुकेश मिश्रा
(एडवोकेट मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय)
आनंद कालोनी, जबलपुर
मो.- 9827257253